
# प्रस्तावित सीवर सेवा शुल्क दरेंअक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## क्या यह कोई नया शुल्क या फीस है?

नहीं, यह कोई नया शुल्क नहीं है। यह 1972 से लॉस एंजिल्स जल एवं विद्युत विभाग (Los Angeles Department of Water and Power, LADWP) उपयोगिता बिल का हिस्सा रहा है। सीवर सेवा शुल्क से प्राप्त राजस्व Los Angeles शहर के अपशिष्ट जल संचालन और रखरखाव, पूंजीगत सुधार और अपशिष्ट जल संवहन और ट्रीटमेंट सिस्टम के ऋण कवरेज की लागतों को कवर करता है। यह प्रस्तावित दर समायोजन एंजेलिनोस के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा के लिए ज़रूरी है। प्रस्ताव यह है कि स्थिर दर वृद्धि को फिर से शुरू किया जाए, जो 2020 में महामारी के कारण रोक दी गई थी। जरूरतमंद परिवारों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## मेरे सीवर सेवा शुल्क में वृद्धि से क्या लाभ होगा?

आपका शुल्क LA की पुरानी अपशिष्ट जल प्रणाली और उसके सुधार संयंत्रों के उन्नयन और मरम्मत के माध्यम से एंजेलीनोस के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह वह प्रणाली है जो आपके घरों, व्यवसायों, स्कूलों और सामुदायिक सुविधाओं से अपशिष्ट जल को सुरक्षित रूप से परिवहन करती है, जहां इसे पुनः इस्तेमाल या सुरक्षित निर्वहन के लिए एलए के चार जल सुधार संयंत्रों में संसाधित किया जाता है।




**प्रस्तावित सिटी ऑफ़ LA सीवर सेवा शुल्क दरें**

| | वर्तमान | पतझड़ 2024 | मार्च 2025 | जुलाई 2025 | जनवरी 2026 | जुलाई 2026 | जुलाई 2027 | जुलाई 2028 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नीचे दी गई दरें Los Angeles सीवर सेवा शुल्क ग्राहकों पर लागू होती हैं | | | | | | | | |
| $/HCF* | $5.80 | $7.08 | $7.56 | $8.48 | $9.28 | $10.13 | $11.01 | $11.96 |
| नीचे दी गई दरें Los Angeles शहर के निम्न-आय सीवर सेवा शुल्क ग्राहकों पर लागू होती हैं | | | | | | | | |
| $/HCF* | $4.00 | $4.89 | $5.22 | $5.85 | $6.41 | $6.99 | $7.60 | $8.25 |
| नीचे दी गई दरें औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन प्रभाग द्वारा निगरानी किए जाने वाले औद्योगिक ग्राहकों पर लागू होती हैं | | | | | | | | |
| कम-स्ट्रेंथ SSC - $/HCF* | $4.02 | $4.15 | $4.38 | $5.01 | $5.41 | $6.00 | $6.50 | $7.12 |
| बायोकेमिकल ऑक्सीजन मांग $/lb. of BOD | $0.60 | $0.73 | $0.80 | $0.86 | $0.96 | $1.02 | $1 .10 | $1.17 |
| टोटल सस्पेंडेड सॉलिड $/lb. of TSS | $0.61 | $0.64 | $0.70 | $0.74 | $0.83 | $0.86 | $0.92 | $0.97 |
| नीचे दी गई दरें उन ग्राहकों पर लागू होती हैं जो Los Angeles शहर से अपशिष्ट जल संग्रहण सेवाएँ और लॉस एंजिल्स काउंटी स्वच्छता जिलों से उपचार सेवाएँ प्राप्त करते हैं | | | | | | | | |
| सीवेज कन्वेयन्स चार्जर $/HCF* | $0.87 | $1.89 | $1.95 | $2.25 | $2.38 | $2.51 | $2.63 | $2.91 |
| सीवेज कन्वेयन्स चार्जर कम आय $/HCF* | $0.60 | $1 .30 | $1 .35 | $1.55 | $1.64 | $1.73 | $1.82 | $2.01 |

- S/HCF = प्रति सौ घन फीट प्रयुक्त जल की लागत (रूट)। 1 HCF, 748 गैलन के बराबर है।
- कम-स्ट्रेंथ = अपशिष्ट जल जिसमें BOD या TSS की सांद्रता निर्दिष्ट BOD और TSS मान से कम हो।
- बायोकेमिकल ऑक्सीजन मांग (BOD) = अपशिष्ट जल में कार्बनिक पदार्थों को विघटित करने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा।
- टोटल सस्पेंडेड सॉलिड (TSS) = अपशिष्ट जल प्रवाह में निलंबित या Kfloatingff कणों की कुल मात्रा।
- सीवेज कन्वेयन्स चार्जर= यह शुल्क केवल LA सीवर के इस्तेमाल के लिए है और इसमें LA की अपशिष्ट जल ट्रीटमेंट सिस्टमों शामिल नहीं हैं।

कई पाइपलाइनों की मरम्मत या प्रतिस्थापन की जरुरत है और सीवरों और ट्रीटमेंट सुविधाओं के लिए सुधार प्रोजेक्ट चल रहे हैं, ताकि यह यकीनी बनाया जा सके कि हम सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा कर रहे हैं तथा हम अपने पर्यावरण की सुरक्षा कर रहे हैं, जिसमें हमारे जलमार्ग, समुद्र तट और महासागर शामिल हैं।

अगले पांच वर्षों में, सिटी पूरे शहर में सैकड़ों प्रॉजेक्ट्स में निवेश करेगा, जिनकी अनुमानित लागत $3 बिलियन से ज्यादा होगी।

सीवेज के अतिप्रवाह को रोकने वाले महत्वपूर्ण पम्पिंग संयंत्रों के निर्माण, उन्नयन और प्रतिस्थापन के लिए प्रोजेक्ट शुरू किए जायेंगे। नॉर्थ आउटफ़ॉल सीवर (North Outfall Sewer) का आधुनिकीकरण - जो LA की 6,700 मील सीवर सिस्टम की रीढ़ है - जिसे दो दशकों के कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट्स के बाद पूरा किया जाएगा; आने वाली पीढ़ियों को इसकी सेवा मिल पाएगी। वॉटर रिक्लैमेशन प्लांट्स (Water reclamation plants) Los Angeles के भविष्य की लोचशील ज़रूरतों के अनुरूप तैयारी करेंगे।

## क्या आपके अन्य प्रश्न हैं?

हमें sansscrates2024@lacity.org पर ईमेल भेजें

environment LASANITATION
CITY OF LOS ANGELES
zero waste • zero wasted water

*अमेरिकंस विथ डिसैब्लिटी ऐक्ट (Americans with Disabilities Act) के टाइटल II के तहत कवर होने वाली एक यूनिट के रूप में, Los Angeles सिटी भेदभाव नहीं करता है और आपके अनुरोध पर अपने प्रोग्रामों, सेवाओं और गतिविधियों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ठहरने की उचित व्यवस्था मुहैय्या कराएगा।*

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

environment LA SANITATION
CITY OF LOS ANGELES
zero waste • zero wasted water

## दरें स्वीकार करने पर, मेरा बिल कितना बढ़ जाएगा?

आप **www.LACitySan.org/rates** पर हमारे ऑनलाइन बिल कैलकुलेटर से अपने भविष्य के बिलों का अंदाजा लगा सकते हैं। अपने HCF वॉल्यूम का पता लगाने के लिए, अपने अंतिम LADWP पर सीवर सेवा शुल्क देखें। (HCF का भाव है सौ घन फीट।) ऑनलाइन बिल कैलकुलेटर के लिए, आपको HCF वॉल्यूम की आवश्यकता होगी। यह आपके उपयोगिता बिल पर आपको मिलेगा:

**सीवर शुल्क** **SA # : 6341141523**

| **बिलिंग अवधि** | **दिन** | **सीवर दर अनुसूची** | |
|---|---|---|---|
| 10/27/23 - 12/29/23 | 63 | सीवर सेवा शुल्क - आवासीय | |
| सीवर सेवा शुल्क* | | 11.82762 HCF X $5.80000/HCF | 68.60 |
| सीवर सेवा EZ-SAVE प्रोग्राम* (Sewer Service EZ-SAVE Program) | | | -21.27 |
| | | **कुल सीवर शुल्क** | **$47.33** |

## इन दरों का किरायेदारों और मकान मालिकों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

कुछ घर किरायेदार LADWP से बिल के माध्यम से सीवर सेवा शुल्क का भुगतान करते हैं, और अन्य के किराये में जल और सीवर सेवाएं शामिल होती हैं। यदि आप सीवर सेवाओं के लिए LADWP को किराया देते हैं और भुगतान करते हैं, तो नई दरें आप पर भी लागू होंगी। उदाहरण के लिए, यदि आपकी जल और सीवर सेवाएं आपके किराए या आपके होम ओनर्स एसोसिएशन (Home Owners Association, HOA) के बकाया में शामिल हैं, तो आपका मकान मालिक या संपत्ति प्रबंधक संपत्ति में सीवर सेवा के लिए सीधे शहर को भुगतान करेगा।

Los Angeles की कुछ लेकिन सभी नहीं, किराये की संपत्तियां शहर के किराया स्थिरीकरण अध्यादेश के अधीन हैं, जो किराए और बेदखली को नियंत्रित करता है। Los Angeles में किरायेदारों की स्थिति अलग-अलग है, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या मकान मालिक अपने किरायेदारों पर कोई या सभी दर वृद्धि का बोझ डाल सकते हैं या नहीं। अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएं: **https://www.housing2.lacity.org/residents/rso-overview**

## जरूरतमंद एंजेलिनोस के लिए क्या वित्तीय सहायता उपलब्ध है?

निम्न आय वाले अपशिष्ट जल उपभोक्ता अपने सीवर सेवा शुल्क बिलों में बचत के लिए EZ-SAVE कार्यक्रम में आवेदन कर सकते हैं। Los Angeles शहर के निवासी आवेदन करने के पात्र हैं, जिनमें लॉस एंजिल्स काउंटी स्वच्छता जिलों से अपशिष्ट जल सेवा प्राप्त करने वाले लोग भी शामिल हैं। पात्र निम्न आय वाले ग्राहकों को वर्तमान में हर दो महीने में इस्तेमाल किए गए 18 HCF (18 सौ क्यूबिक फीट) पानी तक सीवर सेवा शुल्क दर पर 31% की छूट मिलती है। यह निम्न-आय छूट जारी रहेगी।

सभी ग्राहक लेवल-पे प्रोग्राम के माध्यम से अपने द्वि-मासिक LADWP बिल को मासिक बिलिंग चक्र में बदल कर सकते हैं। इस बदलाव के लिए कोई आय पात्रता की ज़रूरत नहीं है।

यह जानने के लिए कि क्या आप EZ-SAVE प्रोग्राम के लिए पात्र हैं या "लेवल पे" प्रग्राम के माध्यम से अपना बिलिंग चक्र बदलना चाहते हैं, यहां जाएं:
**https://www.ladwp.com/financialassistance**

## शहर को अब सीवर सेवा शुल्क दरों को समायोजित करने की ज़रूरत क्यों है?

महामारी के कारण 2020 में सीवर सेवा शुल्क दरों में लगातार वृद्धि रोक दी गई थी। LA में सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करने वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने के लिए 2024 की पतझड़ से शुरू होने वाली क्रमिक दर वृद्धि बहुत ज़्यादा ज़रूरी है।



*नॉर्थ आउटफॉल सीवर पुनर्वास*

*अमेरिकंस विथ डिसैबिलिटी ऐक्ट (Americans with Disabilities Act) के टाइटल II के तहत कवर होने वाली एक यूनिट के रूप में, Los Angeles सिटी भेदभाव नहीं करता है और आपके अनुरोध पर अपने प्रोग्रामों, सेवाओं और गतिविधियों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ठहरने की उचित व्यवस्था मुहैय्या कराएगा।*